हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 17 मई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री


11 समाधान शिविर में जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण...





12 स्टैंड की मांग, एकता रिक्शा चालक संघ ने सौंपा ज्ञापन




## खबर संक्षेप

### पंचायतों में आज तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी

**बेमेतरा।** शासन के निर्देश पर आज 17 मई प्रत्येक ग्राम पंचायतों में तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने उक्त कार्यक्रम के सम्पूर्ण कियान्वयन हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किए है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रवाल ने बताया कि जिला स्तर पर कल 17 मई सुबह 08 बजे कृषि उपज मंडी से जयस्तम्भ चौक तक तिरंगा यात्रा रैली निकली जायेगी। उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा /"राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक/" के बैनर तले आयोजित होगी। उन्होंने आम नागरिकों, पूर्व सैनिकों, सैनिकों के परिवारों, छात्रों सभी से ज़्यादा से ज़्यादा भाग लेने का अनुरोध किया है।

### मकान से नकदी समेत 3 लाख का सामान पार

**भिलाई।** मकान से सोना चांदी के जेवरात और नगदी पार करने के मामला सामना आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धार 305 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि एचआईजी 2353, हाउसिंग बोर्ड निवासी सिद्धार्थ मिश्रा पावर हाउस मार्केट में गारगी जनरल स्टोर्स का संचालक है। मकान से सोना चांदी के जेवरात और नगदी रकम की चोरी हो गया है। अपने रिश्तेदार और काम करने वाले लोगों से पूछताछ भी किया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। 3 मई को पत्नी अपने मायके जाने के लिए समान की पैकिंग करने के लिए आलमारी खोलने पर सोने का ब्रेसलेट, कान की बाली, चैन, अंगूठी और नगद 50 हजार रुपए गायब मिला। खबर लगने पर परिजन मौके पर पहुंचे और खोजबीन शुरु किया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई। परिवार में तीन घरेलू सहायक के रूप में महिलाएं काम करती है। इसमें से रामेश्वरी को घर के बच्चों द्वारा आलमारी के आस पास संदिग्ध अवस्था में कई बार देखा है।

# नपं कुसमी में 82.40 लाख की लागत से होंगे 16 विकास कार्य, हुआ भूमिपूजन

## विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि में भूमिपूजन समारोह हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/बेरला

- अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में "अटल चौक" का निर्माण

नगर पंचायत कुसमी में अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत 82.40 लाख की लागत से प्रस्तावित 16 विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए 1 वही कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू ने किया। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह भूमिपूजन केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि नगर के समग्र विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं मिले और नगर पंचायत कुसमी को आदर्श नगरी के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता को लेकर प्रशासन एवं ठेकेदारों को निर्देशित किया कि जनता की आस्था और उम्मीदों के अनुरूप कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित हो।विधायक ने आगे कहा आज का दिन हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण दिन है। नगर पंचायत कुसमी में सीसी रोड, नाली सहित अनेक निर्माण कार्यों के भूमि पूजन की शुभकामनाएं देता हूँ। यह केवल निर्माण कार्यों की शुरुआत नहीं, बल्कि कुसमी के सुनहरे भविष्य की नींव है। यह भी गर्व का विषय ⏭ शेष पेज 11 पर



### चार माह में करोड़ों की योजनाएं

साहू ने कहा मुझे क्षेत्र का विधायक चुनकर सेवा का अवसर दिया। जिस दिन आपने आशीर्वाद दिया, उसी दिन से हमने कुसमी के विकास की दिशा में काम शुरू कर दिया। केवल चार महीने में ही हमने करोड़ों रुपये की योजनाएं आपके नगर के लिए स्वीकृत कराई हैं। पिछली सरकारों ने केवल घोषणाएं की थीं, लेकिन हमने उसे जमीन पर उतारने का कार्य किया है। आपने कहा कि कुसमी को नगर पंचायत बनाया जाए — हमने तत्काल राज्य सरकार से मांग की और घोषणा भी कराई। हमारी सरकार—केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , प्रदेश में विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार, और भाजपा के सांसद व विधायक—पूरी तरह आपके साथ खड़ी है। आप निश्चिंत रहें, विकास की गति नहीं रुकेगी। हमारा उद्देश्य है – समृद्ध और विकसित कुसमी। अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश साहू ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह विकास कार्य नगरवासियों के जीवन में सुविधाएं और सुगमता लाने में सहायक सिद्ध होंगे।

## रहस्य : पथर्रीकला में घर एक कमरे में नंदिनी वर्मा की बिस्तर पर मृत देह पाई गई

# पथर्रीकला में नवविवाहित दंपति की मौत पर रहस्य का कुहासा, मर्डर है या सुसाइड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/देवकर

परपोड़ी थाना इलाके के पथर्रीकला गाँव से नवविवाहित जोड़े के मर्डर व सुसाइड का अजीबोगरीब मामला सामने आया है। दोनों नवविवाहित दम्पत्ति की शादी चन्द महीने पहले ही हुई थी, वही इस सनसनीखेज वारदात से गाँव मे मातम पसर गया है। हालाँकि इस घटना की सूचना पर परपोड़ी पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुँचकर दोनों मृतक दम्पत्ति की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा एवं पंचनामा तैयार करते हुए मर्ग कायम कर मामले में विवेचना शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि इस घटना के एक दिन पूर्व ही देवकर चौकी क्षेत्र के डेहरी गाँव में इसी तरह पति ने पत्नी की जान लेने की कोशिश कर स्वयं सुसाइड कर लिया जिसकी जांच वैसे भी पुलिस जुटी हुई है ओर दूसरे दिन यह घटना सामने आ गई।

जानकारी के अनुसार परपोड़ी नगर से 3 किलोमीटर दूर को ग्राम पथर्रीकला में शुक्रवार को मातम छाया रहा है। ग्राम में सुबह सबेरे दैहान चौक के पास घटनास्थल यशवंत वर्मा के घर एक कमरे में उसकी धर्म पत्नी नंदिनी वर्मा की बिस्तर पर मृत देह पाई गई। मृतक की उम्र 19 वर्ष बताई जा रही है। नंदिनी वर्मा का विवाह 7 माह पूर्व यशवंत वर्मा से हुआ था। शुक्रवार को मृतक नंदनी वर्मा अपने मायके ग्राम ढाबा, तहसील गंडई, जिला केसीजी से सुबह पति के साथ ससुराल पथर्रीकला आई थी। घटनास्थल से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम दृष्टया हत्या का मामला बताया जा रहा है।





### जांच का दायरा बदला

संदिग्ध आरोपी के रूप में मृतक का पति यशवंत वर्मा ही है ऐसा थाना परपोड़ी के एफआईआर में दर्ज हुआ है। जांच चल ही रहा था जिसमें पुलिस की कागजी कार्यवाही जारी थी एवं पुलिस मृतक के संदिग्ध आरोपी की तलाश में जुटी थी ऐसा बताया जा रहा है। मृतक की घटना स्थल में जांच जारी थी। तभी बेरला एसडीओपी विनय कुमार मौके पर पहुंचे। अचानक सूचना मिली कि मृतक के पति ने खेत में जाकर गमछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। लेकिन सूत्रों के अनुसार संदिग्ध आरोपी ने नंदिनी वर्मा की हत्या के बाद 1 घंटे तक गांव में घूमकर कार्य किया। यशवंत वर्मा के आत्महत्या की खबर सुनकर पूरा गांव, पुलिस अमला, फॉरेंसिक अमला खेत में पहुंचा। ग्रामीणों ने बताया आत्महत्या के घटनास्थल को चुहरी खार कहा जाता है। घटना जहां हुई वह स्थान अंगद के बोर के पास है। मृतक नंदिनी वर्मा की हत्या का खुलास होने के पूर्व संदिग्ध आरोपी यशवंत वर्मा की आत्महत्या ने कई सवाल खड़े कर दिए है। तथ्यों का खुलासा होने के पूर्व दूसरी घटना से पुलिस की कार्य प्रणाली भी संदेह के दायरे में है। ग्राम में हुई हत्या एवं आत्महत्या के मामले में एसडीओपी विनय कुमार, टी आई डी.एल. सोना, येमन कुमार ( 442), सुरेश सिंह, मुकेश पाल, राकेश सिंह, एस के यादव, कोटवार तारन दास मानिकपुरी आदि घटना स्थल में मौजूद रहे।

# मवेशी भरा पिकअप किया जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

पुलिस चौकी देवरबीजा की टीम ने मवेशी तस्करी के गंभीर मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 05 मवेशियों से भरा एक बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूई 8419 को जब्त किया है। साथ ही, इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई है। पकड़े गए मवेशियों और वाहन की कुल कीमत लगभग 6 लाख 95 हजार रुपये बताई गई है।

इस मामले की शुरुआत तब हुई जब कवर्धा निवासी गौ सेवक प्रांजल तिवारी ने पुलिस चौकी देवरबीजा को सूचना दी कि एक चार चक्का बोलेरो पिकअप वाहन में अवैध रूप से मवेशी भरकर कत्लखाना ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस चौकी देवरबीजा की टीम नाकाबंदी कर वाहन को रोकने में सफल रही। पुलिस चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रेशम लाल भास्कर और उनकी टीम ने मौके पर पहुंच कर वाहन और उसमें भरे मवेशियों को जब्त किया। आरोपियों ने बिना चारा-पानी और क्रूरता पूर्वक मवेशियों को भरकर ले जाने का प्रयास किया था। पकड़े गए वाहन में कुल 03 भैसे और 02 भैसें शामिल थीं। गिरफ्तार आरोपी खेमलाल साहू पिता लाल सिंह साहू उम्र 40 वर्ष निवासी खोलवा, थाना सिघंनपुरी जंगल जिला कबीरधाम तथा सुरत लाल पिता लखन लाल साहू उम्र 30 वर्ष निवासी भाटुटोला, थाना सिघंनपुरी ⏭ शेष पेज 11 पर

# सरकारी कर्मचारी ने बेटी को फर्जी अंत्योदय कार्ड से दिलाया निजी स्कूल में दाखिला




हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

- बेमेतरा में आरटीई का दुरुपयोग उजागर, निलंबन के साथ जिलेभर में जांच शुरू

जिले में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (RTE) के तहत वंचित और अलाभित वर्ग के बच्चों को निजी विद्यालयों में मुफ्त दाखिले की योजना का घोर दुरुपयोग सामने आया है। एक सरकारी कर्मचारी ने अपनी पुत्री को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आरटीई के अंतर्गत निजी स्कूलों में दाखिला दिलवाया।



जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को प्राप्त शिकायत के आधार पर की गई जांच में यह सामने आया कि सहायक ग्रेड-2 पद पर पदस्थ प्रवीण सिंह राजपूत ने अपनी माता रचना राजपूत के नाम से अंत्योदय राशन कार्ड बनवाया। इस कार्ड में खुद को पुत्र और अपनी पुत्री शैलश्री सिंह को परिवार सदस्य के रूप में जोड़कर वर्ष 2024-25 में एलंस पब्लिक स्कूल बेमेतरा तथा वर्ष 2025-26 में एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल, लोलेसरा में दाखिला दिलाया।

जबकि प्रवीण सिंह स्वयं एक स्थायी शासकीय कर्मचारी हैं और अंत्योदय योजना की पात्रता श्रेणी में नहीं आते। यह न केवल आरटीई अधिनियम की मूल भावना के विरुद्ध है, बल्कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3(1)(2)(3) का स्पष्ट उल्लंघन भी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, नवागढ़ निर्धारित किया गया है तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

**जिलेभर में दस्तावेजों की जांच शुरू-** प्रकरण सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने जिले के सभी निजी विद्यालयों में सत्र 2024-25 एवं 2025-26 में आरटीई के तहत दाखिला पाए छात्रों की पात्रता की सूक्ष्म जांच के निर्देश दिए हैं। इसके लिए दो जांच समितियों का गठन किया गया है, जो प्रत्येक विद्यालय में दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन कर 7 दिनों में अपनी रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपेंगी। पहली समिति साजा और बेरला विकासखंड के विद्यालयों की जांच ⏭ शेष पेज 11 पर

# घरेलू विवाद में हुआ खूनी संघर्ष, पति की मौकै पर मौत व घायल पत्नी ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवकर

- घटनास्थल पर धारदार हथियार करछुल, कैंची, हंसिया खून से सने मिला

पुलिस चौकी देवकर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डेहरी में गुरुवार की दोपहर 3:00 बजे पति और पत्नी के बीच खूनी संघर्ष हुआ, जिसमें पति आशीष बंजारे की मौके पर ही मौत हो गई थी। शासकीय अस्पताल साजा में मृतक का पोस्टमार्टम घटना के दूसरे दिन शुक्रवार को हुई उपरांत शव को परिजनों को सौंपा गया। घटनास्थल से धारदार हथियार करछुल, कैंची हसिया एवं हावड़ा खून से सने हुए पुलिस ने बरामद की। खूनी संघर्ष में गंभीर रूप से घायल मृतक की पत्नी सुखवंतीबाई को शासकीय अस्पताल दुर्ग के न्यूरो विभाग में भर्ती किया गया। परिजनो से मिली जानकारी के अनुसार सिर में गंभीर चोट की वजह से गुरुवार की रात्रि लगभग 2:30 बजे दुर्ग जिला अस्पताल से मेकाहारा रेफर किया गया जहां से डीके अस्पताल रायपुर के इमरजेंसी वार्ड में शिफ्ट किया गया है।

हरिभूमि फॉलोअप



**अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में कोताही बरतने का आरोप-** अस्पताल में मौजूद घायल के भाई अजय कुमार भारती ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में कोताही बरतने का आरोप लगाया। देवकर पुलिस ने बताया की परिवार जनों के अनुसार मृतक की दिमागी हालत कुछ महीनो से खराब चल रही थी जिसका इलाज दुर्ग में चल रहा था, दिमागी अस्वस्थता के चलते मृतक रात-रात भर नहीं सोता था , पत्नी को ⏭ शेष पेज 11 पर




गांव में रोजगार का आधार मनरेगा मजदूरी में राज्य शासन द्वारा बजट में कटौती कर दी है। पांच साल पहले वर्ष 2020-21 में जहां प्रदेशभर में 1841 लाख था, जो इस साल शासन ने वर्ष 2025-26 में इसे कटौती कर 850 लाख कर दिया गया है। यानि पांच साल में मजदूरी बजट सिमटकर के के दिन आधी हो गई है। बजट कम होने से मजदूरी दिवस भी कम हो गया हैं। जिसे लेकर प्रदेशभर में मजदूर संघ और कांग्रेसी विरोध कर रहे हैं।

# 5 साल में मजदूरी बजट आधा | बेरोजगार हो जाएंगे गांव के मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

### वर्ष 2020-21 में 1841 लाख, वर्ष 2025-26 में 850 लाख रह गया

महात्मा गांधी रोजगार योजना के जरिए ही गांव में कई योजनाओं के तहत कार्य कराए जा रहे है। वर्तमान में मनरेगा कार्य गांव में बंद हो गए है। दुर्ग जिले में भी मनरेगा कार्य ठप है। प्रदेश की बात करे तो मजदूरी दिवस भी कम कर दी गई है। जिसे लेकर कांग्रेसी भी इन दिनों मुखर दिख रहे है। दुर्ग जिले में इसे लेकर कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को बडा प्रदर्शन करने की तैयारी है। इस प्रदर्शन में दुर्ग शहर व ग्रामीण सहित भिलाई संगठन के नेता भी शामिल होगें। दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष राकेश ठाकुर का कहना है कि, केंद्र और राज्य सरकार मिलकर मनरेगा खत्म करने कर रहे साजिश की जा रही हैं। कांग्रेस सरकार में 42 लाख मानव दिवस था, जिसे भाजपा सरकार ने घटा कर 18 लाख कर दिया है। श्रमिकों को पर्याप्त रोजगार नहीं मिलने से छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में पलायन करने को मजबूर हैं।



प्रदर्शन करेंगे

**बजट की स्थिति**

| वर्ष | बजट मानव |
|---|---|
| 2021-21 | 1841 लाख |
| 2021-22 | 1560 लाख |
| 2022-23 | 1200 लाख |
| 2023-24 | 1250 लाख |
| 2024-25 | 1100 लाख |
| 2025-26 | 850 लाख |



“जिले में सक्रिय मनरेगा मजदूरों की संख्या लगभग डेढ़ लाख है। इस कारण केवल दस हजार मजदूरों को मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों में काम मिल रहा है। अन्य वर्षो की तुलना में इस समय 40 से 50000 मजदूर जिले में मनरेगा में कार्यरत होते थे। आज इस विषय पर प्रदर्शन करेंगे।
-**राकेश ठाकुर**, जिलाध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस

### जिले में 35 फीसदी रह गया मानव दिवस

दुर्ग जिले में मनरेगा के तहत 42 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य किया था। लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले वर्ष इसे घटाकर 32 लाख मानव दिवस कर दिया गया था और वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 में इसे और घटकर 18 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य दिया गया है, जो कि केवल 35 प्रतिशत हो जाता है। जो ग्रामीण मजदूरों के आजीविका को प्रभावित करता है।

## खबर संक्षेप

### छात्रों से जबरन वसूली की डीईओ से शिकायत

**दुर्ग।** हिन्दू युवा छात्र मंच ने आज दुर्ग जिले के तितुरडीह स्थित आत्मानंद विद्यालय में घटित एक गंभीर अनियमितता का खुलासा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से तुरंत जांच और कार्यवाही की मांग की है। हिन्दू युवा छात्र मंच जिला प्रभारी आलोक खापर्डे ने बताया कि कक्षा 7वीं के छात्र अजय सिंह को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से 10,000 की छात्रवृत्ति राशि प्राप्त हुई थी, जिसे स्कूल की प्राचार्या द्वारा अनुचित तरीके से विद्यालय में जमा कराने के लिए दबाव बनाया गया। जिला सह संयोजक शिवांश वैष्णव ने बताया कि, छात्र को स्कूल में रोककर उसके पिता को बुलाया गया और टीसी देने की धमकी देकर जबरन राशि स्कूल में जमा करवा ली गई। हिन्दू युवा छात्र मंच ने इसे छात्र अधिकारों का खुला उल्लंघन बताया और कहा कि, यदि इस प्रकरण में शीघ्र निष्पक्ष जांच नहीं की गई, तो मंच छात्रहित में एक प्रचंड आंदोलन के लिए बाध्य होगा। हिन्दू युवा छात्र मंच ने दोषी प्राचार्या के विरुद्ध कठोर विभागीय एवं कानूनी कार्यवाही की जाए तथा पीड़ित छात्र एवं उसके परिवार को न्याय दिलाया जाए। इस दौरान हिन्दू युवा मंच संयोजक गोविंद राज नायडू, प्रदेशाध्यक्ष कुमार नायर, संगठन महामंत्री राजेश शर्मा, कमल रणदीवे सहित अन्य थे।

### राजू लाल बने विधायक प्रतिनिधि

**भिलाई।** ग्राम मोरिद भिलाई तीन निवासी राजू लाल नेताम को अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के उद्योगिक क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है। इनकी नियुक्ति अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा ने किया है। उद्योग विभाग के सभी बैठकों में विधायक के अनुपस्थिति में यहां की सारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त कर पाएगें।



### ठेठवार यादव समाज पाटन राज की बैठक आज

**पाटन।** ठेठवार समाज पाटन राज की कार्यकारिणी की बैठक 17 मई को दोपहर 1 बजे से पाटन स्थित सामाजिक भवन में रखा गया है। बैठक में सभी सदस्यों एवं समस्त पदाधिकारियों, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष, सचिव सहित सभी पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील की गई है।

## विरोध प्रदर्शन : धनोरा सहित आधा दर्जन गांव के किसान सड़क पर उतरे

# मुआवजा के लिए सड़क पर उतरे दो दर्जन किसान गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

*भारतमाला परियोजना से प्रभावित किसान मुआवजा गणना में गडबडी और राशि जारी किए जाने की मांग को लेकर गुरूवार को सडक पर उतर गए थे। किसानों ने मुआवजा में गडबडी किए जाने का आरोप लगाकर काम रोका और जमकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान किसान सडक पर बैठ गए थे। सुबह से दोपहर तक चले इस प्रदर्शन के बीच मुख्यालय तक हडकंप मच गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी पहुंच गए थे।*

दो दर्जन किसानों को गिरफ्तार कर केन्द्रिय जेल लाया गया। भारतमाला परियोजना से प्रभावित गांव खम्हरिया, बोरीगारका, हनौदा, धनोरा सहित आधा दर्जन गांव में पिछले लंबे समय से काम बंद था, लेकिन गुरूवार को नेशनल हाईवे द्वारा काम शुरू किए जाने से किसान सडक पर उतर गए थे। जहां तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी। उल्लेखनीय है कि, राजनांदगांव के टेडेसरा से लेकर आरंग तक सिक्सलेन कारीडोर निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान कई किसानों ने मुआवजा में गडबडी किए जाने का आरोप लगाया है। पीडित किसानों ने बताया कि, संभागायुक्त के कोर्ट में अपील भी लगा चुके है। उन्होने कहा कि, मामले की सुनवाई कोर्ट में जारी हैं, जिसे लेकर उन्होने कहा काम बंद किया जाए। इस दौरान बोरीगारका, हनौदा, पुरई सहित धनोरा के दो दर्जन किसान सडक पर उतर गए थे। मौके पर अतिरिक्त तहसीलदार हुलेश्वरनाथ खुंटे व क्षमा यदु, पद्नाभपुर टीआई राजकुमार लहरे सहित अधिकारी पहुंच गए थे। जहां उनके आश्वासन के बाद भी किसान नही माने और गिरफ्तार कर बस के जरिए केन्द्रिय जेल लाया गया। इस दौरान शिव चंद्राकर, महेन्द्र चोपडा, रोहित साहू, बालमुकुंद तिवारी, काजल देवांगन, सीमा कुजूर, केकटी रावटे, नीलम ठाकुर, चंद्रकांत साहू, जागेश्वर पटेल, दिलीप यादव, नरेन्द्र देवांगन, चंदन और मुकुंद बागडे सहित दो दर्जन किसानों ने गिरफ्तारी दी। तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ने बताया कि, निर्माण कार्य का विरोध करने और शांतिभंग करने पर किसानों पर कार्यवाही की गई हैं। उन्होने कहा अवार्ड पारित होने के बाद भी किसान कब्जा एनएचईआई को कब्जा देने में व्यवधान उत्पन्न कर रहे थे।

### नाराज किसानों ने कहा- कोर्ट में चल रही सुनवाई, आधा दर्जन महिलाएं भी गिरफ्तार



### किसानों का सवाल, पहले आपत्ति का करें निराकरण

धनोरा में काम रोकने पहुंचे किसानों का कहना है कि, अवार्ड पारित होने के बाद उन्हे जब पत्र मिला तो कई गडबडी की जानकारी मिली है। इसमें सबसे ज्यादा प्रकरण वर्गमीटर का हेक्टेयर में किए जाने का है। ऐसे किसान संभागायुक्त कोर्ट में अपील भी लगा चुके है। किसानों ने कहा कि, कोर्ट में अपील के बाद सुनवाई हो रही है, जब तक फैसला नही आ जाता, तब तक काम बंद किया जाए। इसी मामले को लेकर वे सडक पर उतरे थे। लेकिन प्रशासन ने पुलिस जवानों सहित पहुंचकर दल बल के साथ उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### पटवारियों ने नामांतरण में कर दी गड़बड़ी

परियोजना में कुछ प्रकरण ऐसे भी है, जिसमें अवार्ड पारित होने के बाद पटवारियों ने तिथि अंकित करने में गडबडी कर दी। नियमतः अवार्ड 12 फरवरी 2018 के पहले का होना है। इसमें कई किसानों का नामांतरण पंजी में पटवारियों ने तिथि के जगह माह और माह के जगह तिथि का उल्लेख कर दिया हैं। जिससे किसान त्रुटि सुधार कराने के चक्कर में अपील नही कर पा रहे है। किसानों का कहना हैं कि, यह सोची समझी साजिश है, जिससे काम बंद न किया जा सके।

### किसानों ने बताई अपनी ऐसी पीड़ा

- हरिभूमि ने ग्राउंड जीरो में पहुंचकर पीडित किसानों से बातचीत की तो किसान हर्ष देशमुख ने बताया उनका 25 लाख का मुआवजा बना है, लेकिन कलेक्टर गाइड बताकर तीस फीसदी काटकर मुआवजा दिया जा रहा हैं। यही सुदर्शन देवांगन और हेमंत कुमार ने बताई।
- चंद्रकांत साहू ने बताया उनक दो सौ वर्गमीटर है। नियमत: पांच सौ वर्गमीटर से कम होने पर गणना वर्गमीटर में की जाती है। लेकिन उनके जमीन का हेक्टेयर में गणना कर तीन लाख 36 हजार मुआवजा दिया गया, जबकि वर्गमीटर में 24 लाख 98 हजार होता है। इसी का विरोध वो कर रहे थे। यही समस्या केकती बाई, दुर्गेश निर्मलकर, चंद्रकांत साहु और ममता यादव ने बताई।
- इसी तरह महेन्द्र चोपडा, रोहित साहू, बालमुकूंद तिवारी, काजल देवांगन, सीमा कुजूर, केकती रावटे ने बताया कि, अवार्ड पारित होने के कारण उन्हें अब तक मुआवजा राशि तक जारी नही किया है। किसानों ने बताया कि, वर्ष 2018 में अवार्ड पारित हुआ हैं और अवार्ड पत्र उन्हें पिछले साल मिला है। जिसमें उन्होने आपत्ति दर्ज कोर्ट में कराई हैं।

### बांड भराने किसानों पर दबाव डालने का प्रयास

किसानों ने बताया कि, गिरफ्तारी के बाद प्रशाशन द्वारा बांड भरने दबाव डाला जा रहा था। जिसमें आगामी छः माह तक कार्य प्रभावित करने पर पचास हजार तक जुर्माना और छः माह की सजा का प्रावधान है। अधिकारी किसानों पर जमानत देने के पहले बांड पेपर पर दस्तखत कराने अडे रहे। जिसका किसानों ने विरोध किया और दस्तखत करने से भी इंकार कर दिया। हांलाकि देर रात किसानों को छोड दिया गया।

## कार्रवाई की रखी मांग

# सेजस में नियम विरूद्ध भर्ती की शिविर में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्राचार्य पद में नियम विरुद्ध की गई भर्ती का मामला सुशासन तिहार के समाधान शिविर में सामने आया है। यहां शिकायतकर्ता ने लिखा हैं कि, सीनियर शिक्षक को दरकिनार कर गलत तरीके से जूनियर शिक्षको को प्रचार्य बना दिया गया है।

इस मामले में कडी की मांग की गई है। इससे पहले भी जिले में आत्मानंद स्कूल में गलत तरीके से भर्ती किए जाने का मामला प्रकाश में आया हैं। दुर्ग जिले के स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्राचार्य पद की नियम विरुद्ध भर्ती हुई है। जिसमे छत्तीसगढ़ शासन की शिक्षा विभाग अंतर्गत महती योजना के तहत स्वामी आत्मानंद स्कूलों में कई प्राचार्यो के पद को नियम को दरकिनार करते हुए वरिष्ठ व्याख्याता के जगह पर अति कनिष्ठ व्याख्याता को पदस्थापना दिया गया है। ऐसे कई व्याख्याता है, जिनकी विभाग में सेवाकाल मात्र 8-9 साल ही हुए है। फिर भी सरकार की इतनी बड़ी महत्वाकांक्षी योजना की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी दी गई है। शिकायत में लिखा गया है कि, दीपक नगर स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य, खम्हरिया स्वामी आत्मानंद प्राचार्य,

- जूनियर शिक्षकों को प्राचार्य बनाकर सीनियर की अनदेखी

सेजस पाटन प्राचार्य के पद पर अति कनिष्ठ व्याख्याता एलबी को प्राचार्य बनाया गया जो नियम विरुद्ध है। खम्हरिया स्कूल में प्राचार्य की कलेक्टर से शिकायत भी हुई थी, लेकिन मामला दबा दिया गया। आयुक्त ज्ञापन देते हुए संदीप पटेल ने मामले की सम्पूर्ण जांच करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वरिष्ठ व्याख्याता रखने वाले उम्मीदवारों को यह जिम्मेदारी वाला पद पर पुनः भर्ती करने की मांग की गई।

### डीईओ के निर्देश बाद भी अटैचमेंट

जानकारी अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा द्वारा विगत 22 अप्रैल 2025 को एक निर्देश जारी कर अटैंचमेंट समाप्त किया था। लेकिन इसके बाद भी कई आत्मानंद स्कूलों में शिक्षक अपने मूल स्कूल में नही लौटे हैं। निर्देश में कहा था कि, तत्काल एकल, शिक्षकहीन स्कूलों के शिक्षक को कार्यमुक्त किया जाए। जानकारी मिली हैं कि, दुर्ग शहर के दीपक नगर स्कूल में दो शिक्षको को अटैचमेंट पर रखा गया हैं।

### होगी कार्रवाई

“मैने तीस अप्रैल तक जो भी अटैंचमेंट पर शिक्षक है। उन्हें कार्यमुक्त करने आदेश जारी किया था। अगर ऐसा है तो जानकारी लेकर कार्यवाही की जाएगी।
-**अरविंद मिश्रा**, डीईओ दुर्ग

# ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी अब नहीं करेंगे ऑनलाइन काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने सीएमएचओ जिला दुर्ग को ज्ञापन सौंपा हैं। जिसमें संघ के जिला अध्यक्ष प्रवीण रात्रे ने बताया कि, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी को ऑनलाइन एंट्री ऑनलाइन ऑपरेटर से कराए जाने हेतु मांग किया गया एवं एंट्री के संबंध में होने वाली तकनीकी एवं अन्य समस्याओं को अवगत कराया। इसके निराकरण हेतु संघ के प्रतिनिधियों से शासन स्तर से चर्चा की मांग की गई। समस्याओं का निराकरण नहीं होने तक समस्त प्रकार के ऑनलाइन कार्य करने में असमर्थता का उचित कारण के साथ शासन प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। संघ द्वारा विभिन्न कारणों के साथ आपत्ति दर्ज करते हुए कार्य उत्तरदायित्व को संशोधन की मांग की गई। स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संवर्ग के प्रशिक्षण शैक्षणिक योग्यता एवं आहार्ता मे क्लीनिकल, नर्सिंग संबंधी कार्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के संपादन एवं क्रियान्वयन शामिल है। ऑनलाइन संबंधी तकनीकी कंप्यूटर ज्ञान शामिल नहीं है, संघ के समस्त पदाधिकारी पंकज राठौर, राकेश सार्वा, उत्तरा साहू, चित्रसेन, अंशुमान, टेमन,यशवंत, चंद्रकांत, प्रदीप, नीलकमल, ज्योति, कविता, चेतना, योगेश्वरी, ललिता एवं जिले के समस्त ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी उपस्थित रहे।

- सीएमएचओ जिला दुर्ग को सौंपा ज्ञापन

# कैट करेगा दुश्मन देशों के उत्पादों का बहिष्कार

**दुर्ग।** भारत के साथ विभिन्न देशो के बीच जारी संघर्ष के चलते कैट ने दूसरे देशों के उत्पादों का बहिष्कार करने का फैसल लिया है। कैट के सदस्यों ने बताया कि, हाल ही में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान तुर्की की भारत विरोधी भूमिका ने स्पष्ट कर दिया है कि, कौन भारत का सच्चा मित्र है और कौन छुपा शत्रु। तुर्की ने पाकिस्तान को हथियार, तकनीकी सहायता और ड्रोन तक उपलब्ध कराकर भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचा है। इसी संदर्भ में कैट (कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स) छत्तीसगढ़ ने यह बड़ा निर्णय लिया है कि, अब भारत में तुर्की, अज़रबैजान और उज्बेकिस्तान से आने वाले उत्पादों का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा। यह घोषणा कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश सांखला एवं प्रदेश चेयरमैन पवन बड़जात्या ने एक संयुक्त बैठक में की हैं। उन्होंने कहा कि, भारत अब उन देशों से व्यापारिक दूरी बनाएगा, जो भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं। दुर्ग के जिला अध्यक्ष मोहम्मद अली हिरानी, महामंत्री विनय कश्यप, वरिष्ठ पदाधिकारी संजय चौबे एवं प्रह्लाद रूंगटा, पीयूष देसलहरा, दर्शन लाल ठाकवानी, रवि केवलतानी, पायल जैन समेत व्यापारी समुदाय के कई प्रतिनिधियों ने समर्थन व्यक्त किया है।

- तुर्की, अज़रबैजान और उज्बेकिस्तान से व्यापार

# कट्टापार में निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**भिलाई।** बीएसपी के दुल्की माइन्स के सीएसआर के अंतर्गत ग्राम कट्टापार में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का संपन्न हुआ। शिविर में लोगों की सामान्य जांच के साथ ही शुगर, बीपी आदि की निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। 29 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर शिविर का लाभ उठाया। बीएसपीअपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की निःशुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है।



# बीस दिन तक बच्चे खेलों में दिखाएंगे दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा स्कूली बच्चों के लिए आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर गुरुवार को को भिलाई के विभिन्न खेल परिसरों, स्कूल के हॉलों और मैदानों में प्रारंभ कर दिया गया है। भीषण गर्मी को देखते हुए यह प्रशिक्षण शिविर 5 जून तक जारी रहेगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक विजय शर्मा, उप महाप्रबंधक व पूर्व ओलम्पियन राजेन्द्र प्रसाद, उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक सहित क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी तथा सभी खेलों के आईएनएस कोच एवं प्रशिक्षक उपस्थित थे। शिविर के तहत शामिल 22 खेलों एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बॉल बैडमिंटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाज़ी, शतरंज, क्रिकेट, फुटबॉल, हैंडबॉल, हॉकी, जूडो, टेनिस, वॉलीबॉल, योग, खो-खो, कबड्डी, पावरलिफ्टिंग, साइकिल पोलो, जिम्नास्टिक और नेटबॉल का 25 खेल परिसरों में 15 मई से अनुभवी कोच और प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। एथलेटिक्स का प्रशिक्षण जयंती स्टेडियम एवं आईटीआई-खुर्सीपार में, बैडमिन्टन का प्रशिक्षण इन्डोर स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में, बॉल बैडमिन्टन का प्रशिक्षण बॉल बैडमिन्टन ग्राउंड, सेक्टर-4 में, बास्केटबॉल का प्रशिक्षण बास्केटबॉल कोर्ट, पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 में तथा बॉक्सिंग का प्रशिक्षण सेक्टर-2 इस्पात क्लब, सेक्टर-8 इस्पात क्लब, इन्डोर स्टेडियम, सेक्टर-1 इस्पात क्लब एवं दिव्यांग खेल परिसर में दिया जा रहा है।



- बीएसपी का ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर शुरु

### शतरंज व फुटबाल का प्रशिक्षण यहां

शतरंज का प्रशिक्षण भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 के हॉल में, क्रिकेट का प्रशिक्षण सेक्टर-1 इस्पात क्लब एवं बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, इंदिरा प्लेस में, फुटबॉल का प्रशिक्षण पंत स्टेडियम, रिसाली ग्राउंड एवं हॉस्पिटल सेक्टर में, हैण्डबॉल का प्रशिक्षण ईएमएमएस, सेक्टर-10 एवं हैंडबॉल ग्राउण्ड, सेक्टर -4 में, हॉकी का प्रशिक्षण जयंती स्टेडियम में, जूडो का प्रशिक्षण सेक्टर-4 जूडो हॉल में, पावर लिफ्टिंग प्रशिक्षण सेक्टर-6 पावर जिम में, कबड्डी का प्रशिक्षण पंत स्टेडियम एवं खुर्सीपार में, टेनिस प्रशिक्षण शिविर बीएसपी टेनिस कॉम्पलेक्स, सिविक सेंटर में, वालीबॉल प्रशिक्षण शिविर पंत स्टेडियम, इस्पात क्लब-खुर्सीपार, हुडको एवं सेक्टर-5 में, योगा प्रशिक्षण एसएसएस सेक्टर-10 में, सायकल पोलो प्रशिक्षण एसएसएस, सेक्टर-7 में, कराटे प्रशिक्षण शिविर सेक्टर-5 इस्पात क्लब, इस्पात क्लब-मरोदा, सेक्टर-1 इस्पात क्लब में किया जा रहा है।

## संयुक्त यूनियन ने प्रबंधन से कहा- ब्लड जांच के लिए बढ़ाएं टेक्निशियन

# जेएलएन अस्पताल बना रेफरल सेंटर, कई विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं होने का खामियाजा भुगत रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कुछ साल पूर्व तक मध्य भारत का सबसे बड़ा और सुविधायुक्त सेक्टर नौ जेएलएन अस्पताल अब रेफर सेंटर बनकर रह गया है। डाक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी के साथ कई समस्याओं का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। लंबित समस्याओं के जल्द निदान के लिए यूनियनों ने बीएसपी प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। संयुक्त ट्रेड यूनियन ने अस्पताल की लंबित समस्याओं के साथ अपने सुझावों पर जल्द अमल किए जाने की मांग की है।

सेक्टर 9 अस्पताल में कई विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिटायर होने से मरीजों को बाहर रिफर करना पड़ रहा है। गंभीर मरीजों को बाहर ले जाने में समय लगता है। इससे मरीजों को परेशानी हो रही है। संयुक्त यूनियन ने रेफरल प्रक्रिया को छोटा व सरल करने और संबंधित बीमारियों के इलाज वाले अस्पतालों की सूची उपलब्ध कराने की मांग की है। सीरियस पेशेंट को रिफर करने ट्रामा एंबुलेस नहीं होने से परेशानी हो रही है। एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध हो। सुबह और शाम के शिफ्ट में डाक्टर द्वारा लिखे गए खून जांच के लिए सेम्पल लेने वाले टेक्निशियन की व्यवस्था नहीं होने से कर्मियों को परेशानी हो रही है। कारपोरेट स्तर के मुताबिक 24 गुना 7 सेंपल ले सकें। टेक्निशियन व्यवस्था कराने की मांग की है। गम्भीर बीमारियों के इलाज के लिए रिफर संबंधित अस्पतालों की सूची उपलब्ध कराने कहा।



**सेक्टर 1 अस्पताल में टोकन सुविधा बढ़े**: सेक्टर 1 अस्पताल में डां. प्रमोद विनायके दोपहर तीन बजे से मरीजों को ओपीडी में देखते हैं। मरीजों को टोकन केवल केवल सुबह दिया जाता है जबकि अधिकारियों को तीन बजे के कुछ देर पहले ही टोकन दिए जाते हैं। इस तरह मरीज कर्मियों या उसके आश्रित को पूरे दिन भर सिर्फ अस्पताल के काम में ही लगे रहना पड़ रहा है। मरीज कर्मचारी अधिकारी सभी को दोपहर 3 बजे के पूर्व ही टोकन दिए जाने की व्यवस्था शुरू किया जाए।

### यह हैं प्रमुख मांगें

आंकोलॉजी सर्जरी जैसे विभाग में आन काल वाले डाक्टरों को बुलाने की व्यवस्था करें, एसजीपीजीआई जैसे अन्य अस्पतालों में रिफर किए जाने पर एडवांस के रूप में दिए जाने वाली राशि बढ़ाकर कर एक लाख किया जाए।सेक्टर 9 अस्पताल में मरीज को प्लेटलेट्स दिए जाने की स्थिति में डोनर द्वारा खून डोनेट किए जाने से तीन महीने तक दुबारा खून डोनेट नहीं कर सकते हैं। इसलिए खून से सिर्फ प्लेटलेट्स निकालने की मशीन और किट अस्पताल प्रबंधन उपलब्ध कराए। साइकिल स्टैंड की व्यवस्था शीघ्र ठीक हो, टेलीफोन नंबर द्वारा डाक्टर के एप्वाइंटमेंट का कोटा निर्धारित किया जाए, यूरालाजी डाक्टर की नियुक्ति जल्द हो। नेफ्रोलॉजी के डॉक्टर वर्कलोड या अन्य कारणो से परफॉर्मेंस सही सेपरमानेंट डॉक्टर की व्यवस्था किया जाए या न्यूरो एवं कार्डियोलॉजी की तरह आउटसोर्स में डॉक्टर बुलाया जाए। सीटू के महासचिव जगन्नाथ प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि संयुक्त यूनियन व बीएसपी के कार्यपालक निदेशक की बैठक में अस्पताल की समस्याओं व सुझावों के जल्द निदान पर जोर दिया गया। प्रबंधन ने आश्वासन दिया है। बैठक में ईडी ( स्वास्थ्य व चिकित्सा) सीजीएम डां, उदय, जीएम जेएन ठाकुर, विकास चंद्रा, शाहिद अहमद व एजीएम रोहित हरित उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### आंधी बारिश के चलते बबूल का पेड़ गिरा केबल तार पर



**बरबसपुर।** आंधी तूफान के चलते बबुल के पेड़ केबल तार पर गिरा बड़ी दुर्घटना से बचने के लिए बिजली विभाग द्वारा सुधार एवं मरम्मत की जरूरत है
जिला मुख्यालय से 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत बरबसपुर जहां हाई स्कूल जाने वाले मार्ग पर व गांव की गलियों कि केबल तार आंधी तूफान के चलते केबल तार के ऊपर बबुल का पेड़ गिर चुका है जिनके कारण से बड़ी हादसा दुर्घटना होने की संभावना बना हुआ है लेकिन एक सप्ताह हो जाने के बाद भी अभी तक बिजली विभाग द्वारा मरम्मत एवं सुधार नहीं किया गया है केबल तार जमीन पर लटक रहे हैं, कभी भी अनजान व्यक्ति बिजली के हवाले हो सकते हैं, यदि केबल तार को सुधार कर दिया जाए तो हादसा दुर्घटना से बचा जा सकता है।

### बरसों पुरानी मांग रजिस्ट्री के साथ प्रमाणीकरण की सुविधा आम जनता को दिया जा रहा

**कुण्डा।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हम दस्तावेज लेखको की बरसों पुरानी मांग रजिस्ट्री के साथ प्रमाणीकरण की सुविधा आम जनता को दिया जा रहा है, जिसके लिए हमारा संघ मुख्यमंत्री को और राजस्व मंत्री को तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी को दिल से साधुवाद देते हैं। और उनसे निवेदन करते हैं कि वे हम दस्तावेज लेखको और स्टांप वेण्डरों की आजीविका को भी जीवित रखने की कृपा करें, ताकि सबका साथ सबका विकास का जो नारा इस सरकार का है उसका लाभ जनता के साथ दस्तावेज लेखक एवं स्टॉम्प विक्रेता को मिलता रहे।

### समाधान शिविर में हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से किया गया लाभान्वित



**कवर्धा।** राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार के अंतर्गत चलाए जा रहे समाधान शिविर आज जनता और प्रशासन के बीच संवाद और विश्वास का मजबूत सेतु बन चुका हैं। ग्रामीण हो या शहरी इलाका, हर स्थान पर लगाए जा रहे इन शिविरों में नागरिकों की समस्याओं को सुनने और सुलझाने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लगाए जा रहे इन समाधान शिविरों में विभागीय अधिकारी न केवल आवेदनों का त्वरित निराकरण कर रहे हैं, बल्कि जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से शासन की योजनाओं की जानकारी भी नागरिकों तक पहुंच रही है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**नवागढ़ जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**
**नाम परिवर्तन**
रा.प्र.क्र. /ब-121 वर्ष 2024-25

आवेदक थनवार साहू, पिता बिसहत राम साहू, जाति तेली, साकिन ग्राम कंवरा जेवरा, पो. संबलपुर, तहसील नांदघाट, जिला बेमेतरा द्वारा पूर्व में मेरा नाम मानु साहू, पिता बिसहत राम साहू के नाम से जाना / पहचाना जा रहा था जो कि मेरे आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं अन्य दस्तावेजों में वर्तमान नाम थनवार साहू, पिता बिसहत राम साहू दर्ज है, आवेदक ने अपना नाम परिवर्तित कर नया नाम थनवार साहू, पिता बिसहत राम साहू रखे जाने आवेदन सहित भारतीय गैर न्यायिक 50 रू. में शपथ पत्र, आधार कार्ड व शैक्षणिक प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति पेश करना हो तो अपनी आपत्ति दिनांक 19/05/2025 तक/पूर्व न्यायालय में पेश कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 08/05/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
नवागढ़, जिला-बेमेतरा

नगर पालिका एवं जनपद पंचायत पंडरिया व नगर पंचायत पांडातराई अंतर्गत विकास कार्यों की समीक्षा कर दिए दिशा-निर्देश

# पालिका व पंचायत की बैठक में भावना बोहरा ने की विकास कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पंडरिया विधानसभा विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार नगर पालिका एवं पंचायत स्तर पर हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा की जा रही है। विधायक कार्यालय पंडरिया में विधायक भावना बोहरा ने नगर पालिका पंडरिया एवं जनपद पंचायत पंडरिया तथा नगर पंचायत पांडातराई की संयुक्त समीक्षा बैठक विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की और विकास कार्यों एवं अधोसंरचना निर्माण को गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय में पूरा करने तथा जनता द्वारा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की और जनता को उसका लाभ समय पर दिलाने एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ कार्य करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। वही समीक्षा बैठक में विधायक भावना बोहरा ने नगर में अवैध रूप से अतिक्रमण एवं जमीन पर किये गए कब्जों को प्राथमिकता से हटाए जाने, हरिनाला पुल निर्माण और सड़क निर्माण कार्य की प्रगति और उसमें तेजी लाने, अटल चौक निर्माण कार्य, बाईपास निर्माण तथा नगर व जनपद पंचायत अंतर्गत हो रहे सभी सड़कों के निर्माण कार्य की प्रगति व वास्तविक स्थिति के बारे में जानकारी ली और सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय पर पूरा करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही नए सब्जी मंडी में विस्थापना, जनपद पंचायत मद के अंतर्गत जमीन, शहर में पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने, तालाबों का गहरीकरण व सौन्दर्यीकरण, गांधी चौक स्थित ट्रांसफर्मर के विस्थापना के संबंध में चर्चा कर कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने गर्मी को देखते हुए नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त जल आपूर्ति और बिजली आपूर्ति के प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों का भी जायजा लिया एवं जनता को बिजली व पानी को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसलिए व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त करने की बात अधिकारियों को कही है।

वहीं नगर पंचायत पांडातराई अंतर्गत धरसा में हुए अतिक्रमण को हटाने, पानी टंकी निर्माण कार्य की जांच करने, विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्यों की प्रगति और पेयजल एवं बिजली आपूर्ति, नगर के प्रमुख चौक-चौराहों के सौन्दर्यीकरण, तालाबों के गहरीकरण व सौन्दर्यीकरण जैसे विभिन्न और निर्माण कार्यों की वास्तविक स्थिति से अवगत हुईं। वही कार्यक्रम के दौरान बैठक में नगर पालिका पंडरिया अध्यक्ष श्रीमती मंजुला देवी कुर्रे, उपाध्यक्ष सुमित तिवारी, नगर पंचायत पांडातराई अध्यक्ष सरिता सोनी, उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नंदिनी साहू, उपाध्यक्ष छत्रकिशोर तिवारी, सभी वार्ड के पार्षद, जनपद सदस्य, एवं सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## पंडरिया को आदर्श नगर बनाने प्रतिबद्ध: भावना बोहरा



विधायक भावना बोहरा ने बताया कि पंडरिया नगर को एक आदर्श नगर बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं, लगभग डेढ़ वर्षों में पंडरिया नगर के लिए लगभग 24 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात डबल इंजन भाजपा सरकार के सुशासन में मिली है। वर्षों से नगरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग हरिनाला पुल निर्माण के लिए 76 लाख रुपए से अधिक की स्वीकृति मिली है और निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है। डबल इंजन भाजपा सरकार के नेतृत्व में पंडरिया नगर को विकसित एवं समृद्ध बनाने के लिए लगातार अधोसंरचना निर्माण, सड़कों का निर्माण, सड़क, बिजली, पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। अधोसंरचना मद के तहत पंडरिया नगर में कुल 3 करोड़ 14 लाख रुपए से अधिक के कार्यों को स्वीकृति मिली है, बजट 2025-26 में 16 करोड़ 63 लाख रुपए के विकास कार्यों को मुख्यमंत्री ने स्वीकृति प्रदान की है।

### करोड़ों के विकास कार्यों की मिली स्वीकृति

इसके साथ ही प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन भाजपा सरकार बनने के बाद से नगर पंचायत पांडातराई में विकास कार्यों, अधोसंरचना निर्माण हेतु 21 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति मिली है और कार्य प्रगति पर हैं। नगर वासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पांडातराई बायपास के लिए 8 करोड़ रुपए, पांडातराई नगर से फास्टरपुर मार्ग के निर्माण हेतु 15 करोड़ रुपए, पोंड़ी-पांडातराई-पंडरिया मार्ग में एनएच 130 ए हॉफ नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य के लिए 3 करोड़ 43 लाख रुपए से अधिक की स्वीकृति मिली है। हमारा प्रयास है लगातार इन सभी विकास कार्यों की समीक्षा की जाए जिससे सभी कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ जनता के समक्ष भी रहें और उन्हें निर्माण कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी भी मिलती रहे। हमारा उद्देश्य हमारे पंडरिया विधानसभा को विकसित, सर्वसुविधायुक्त बनाना है ताकि जनता को इसका लाभ मिल सकें और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिले।

## समाधान शिविर में जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण, जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सुशासन तिहार के तहत कवर्धा विकासखंड के ग्राम भागुटोला में 14 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष ईवश्वरी साहू, विजय पाटिल, लोकचंद साहू, जनपद उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, खिलेश्वर साहू ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों के समाधान की जानकारी विस्तार से ली और स्थानीय जनता से संवाद कर योजनाओं के प्रभाव के बारे में फीडबैक प्राप्त किया। समाधान शिविर का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी और मां सरस्वती के तैल्यचित्र में पूजा-अर्चना दीप प्रज्जवलित कर किया गया। वही जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सुशासन को नई दिशा मिल रही है। शासन की मंशा है कि योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनका लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँचे। इसी सोच के तहत सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ अधिकारी और जनप्रतिनिधि स्वयं ग्रामीणों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं और मौके पर ही उनका समाधान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह शिविर केवल समस्या समाधान का मंच नहीं, बल्कि शासन और जनता के बीच भरोसे की एक नई कड़ी भी है। हमारी प्राथमिकता है कि आमजन को योजनाओं की जानकारी भी मिले और वे उनका लाभ भी उठाएं। राज्य सरकार हर वर्ग गरीब, किसान, महिला, युवा और बुजुर्ग के कल्याण के लिए संकल्पित है।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप सुशासन तिहार के माध्यम से शासन सीधे जनता के द्वार पहुँच रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा स्वयं शिविरों में उपस्थित होकर आम जनता से मिल रहे हैं और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल कर रहे हैं। शासन की योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने के लिए ऐसे शिविरों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों की नहीं बुझ पा रही है प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम मोहतरा कला जहां पर नल जल मिशन के अंतर्गत करोड़ों रुपए के लागत से पानी टंकी बनाया गया है शासन के द्वारा लेकिन आज बताना लाजिमी है कि कई घरों तक पानी सप्लायर नहीं हो रहा है नल जल के तहत बनाए गए पानी टंकी से एक-एक बूंद पानी के लिए भटकना पड़ रहा है स्कूल पारा मोहतरा कला के ग्रामीणों को इधर-उधर हाथ पैर मार कर पानी व्यवस्था करना पड़ रहा है नदी नाला भी सूख गया है अतः शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द मोहतरा कला के स्कूल पारा मोहल्ला वासियों के लिए पानी की व्यवस्था किया जाए वही हैंड पंप नहीं होने के कारण एवं दो दो पानी टंकी बनने के बाद भी आज स्कूल पारा मोहल्ला वासियों को पानी सप्लायर नहीं हो रहा पानी का किल्लत रही है मोहल्ला वासियों का प्यास नहीं बुझा पा रहा है पानी टंकी ग्रामवासी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एक-एक बूंद के लिए मोहल्ला वासी तरस रहे हैं शासन द्वारा लाखों रुपए की लागत से विशाल पानी टंकी बनाया गया है लेकिन कुछ गांव के मोहल्ला तक ही सीमित है पूरा गांव को नल जल मिशन के द्वारा बनाए गए पानी टंकी से पानी नहीं मिल पा रहा है उसके बाद घर-घर में शुद्ध जल मिलेगा कहकर शासन द्वारा नई योजना के साथ पाइप लाइन डाल कर घर-घर में टंकी दिया गया वह भी किसी काम का नहीं है सिर्फ सो पीस है, आज ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है बताना लाजिमी है कि यहां पानी टंकी बनाया गया है और चालू भी है लेकिन पूरा गांव को सप्लायर नहीं कर पा रहा है जिसमें स्कूल पारा मोहल्ला वासियों को पानी की भारी परेशानी हो रहा है, अतः शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि पानी टंकी के माध्यम से पाइपलाइन बिछाया गया है उसको सुधार किया जाए और पानी की व्यवस्था किया जाए नल जल मिशन का लाभ दिया जाए ताकि ग्रामीणों को मोहल्ला वासियों को पानी के लिए परेशानी ना हो।

## भारतमाता चौक पर मदर्स डे समारोह का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारत माता चौक, कवर्धा में मदर्स डे के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसका आयोजन दिल्ली पब्लिक स्कूल, कवर्धा द्वारा किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रभा दुबे अंतरराष्ट्रीय कत्थक नृत्यक और विद्यालय के निदेशक आशीष अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल एवं विद्यालय के प्राचार्या ग्रेसिया फीग्रेड द्वारा भारत माता की मूर्ति पर माल्यार्पण और आरती के साथ हुई। इस शुभारंभ ने कार्यक्रम को एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की। इसके पश्चात टैलेंट शो टीम द्वारा प्रस्तुत किए गए शानदार प्रदर्शन हुए, जिनमें बच्चों और युवाओं ने अपनी विविध प्रतिभाओं का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नृत्य, गायन, कविता पाठ और नाट्य प्रस्तुति जैसे मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विशेष रूप से मातृत्व को समर्पित नृत्य नाटिका ने दर्शकों के बीच भावनात्मक माहौल उत्पन्न कर दिया।

## 5 साल बाद भी नहीं सुधरी गांव की गलियों की तस्वीर, अब ग्रामीणों को भाजपा सरकार से उम्मीदें

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर



जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत सिंघनपुरी के आश्रित ग्राम गांगचुवा स्थित है यहां के लोग बुनियादी सुविधा के लिए तरस रहे हैं जानकारी के अनुसार गांव की गलियां कीचड़ से लथपथ हो चुके हैं, घरों की गंदा पानी 24 घंटे बीच गलियों में बह रहे हैं, जिनके कारण से लोगों को आना-जाना मुश्किल हो चुके हैं और मच्छर भी पनप चुके हैं, लोगों के सेहत पर खतरा बना हुआ है वही गांव की तस्वीर खंडहर जैसा बना हुआ है साफ-सफाई का अभाव है स्वच्छता अभियान का अता-पता भी नहीं है ऐसे में लोगों को कई तरह की बुनियादी सुविधा के लिए तरस रहे हैं गांव में सीसी नाली का जरुरत है ताकि लोगों को बुनियादी सुविधा से राहत मिल सके। वर्तमान में पंचायती राज का चुनाव भी हो चुके हैं नई नई पंच सरपंच जनपद सदस्य और जिला सदस्य भी बन चुके हैं जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य होता है कि जनता की सेवा करें लेकिन चुनाव के समय जनप्रतिनिधि बनने के लिए चुनाव के समय जोर-शोर से प्रचार-प्रसार युद्ध स्तर पर भी किया गया। और सभी जनप्रतिनिधि ने जनता से अपील की गई मुझे वोट दो मुझे जिताओ मै गांव का विकास करूंगा गांव का तस्वीर बदल दूंगा ये वादे सभी जनप्रतिनिधियों ने की गई लेकिन आज लोगों को बुनियादी समस्या ज्यों का त्यों बना हुआ है लोगों को बुनियादी समस्या से जूझना पड़ रहा है अब जनप्रतिनिधियों अपने वादे को भूल गए हैं। गांव की ओर पलट कर ध्यान नहीं दे रहे हैं , ऐसे में जनता फिर दोबारा आप को जनप्रतिनिधि कैसे चुन पाएंगे।

## शहर व ग्रामीण इलाकों में हो रही अघोषित विद्युत कटौती




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया ने पांडातराई शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अघोषित बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या को लेकर पांडातराई नगर पंचायत के पार्षद व पदाधिकारियों के साथ मिलकर ज्ञापन दिया। वही ब्लॉक अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि विगत कई दिनों क्षेत्र की जनता बिजली की समस्या से परेशान और आज भी जब ज्ञापन देने गए तो अधिकारी नदारद थे, उनकी उपस्थिति में विभाग के कर्मचारी को ज्ञापन दिया गया, जिसमें विद्युत विभाग को 7 दिनों के अंदर बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या को ठीक करने के लिए कहा गया और समस्या का समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। ज्ञापन देते समय वरिष्ठ कांग्रेसी शिव गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज खान, अमन पाटस्कर, त्रिलोकचंद निर्मलकर, पार्षद प्रदीप जायसवाल, पार्षद प्रतिनिधि डिंडोर बंजारे, झाड़ीराम, अनिमेष गुप्ता, मुकेश पटेल, दिलीप देवांगन, जतीन पटेल, आबिद खान,जलेश चंद्रवंशी, सुशील साहू, प्रकाश यादव, कोमल साहू, मनोज कुंभकार सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष...

### नपं कुसमी में...

है कि कुसमी में भारत रत्न, हमारे पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में "अटल चौक" का निर्माण हो रहा है। जब भी हम इस चौक से गुजरेंगे, हमें अटल जी के विचारों और समाज सेवा की प्रेरणा मिलेगी। यह चौक उनके सम्मान और हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक बनेगा।

**इन विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन-** यात्री प्रतिक्षालय उन्न्यन कार्य वार्ड क्रमांक 1 मे 15.86 लाख रुपया, वार्ड क्रमांक 05 विसाडू के घर से वैशाखू साहू के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य लागत राशि 03.40 लाख रूपये,वार्ड क्रमांक 05 विसाहु साहू के घर से बैशाखू साहू के घर तक कवर प्लेट नाली निर्माण कार्य लागत राशि 2.65 लाख रूपये ,वार्ड क्रमांक 05 अनिल पाटकर पुराना घर से गोपाल पंच के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य लागत राशि 3.40 लाख रूपये,वार्ड क्रमांक 05 अनिल पाटकर पुराना घर से गोपाल पंच के घर तक कवर प्लेट नाली निर्माण कार्य लागत राशि 2.65 लाख रूपये ,वार्ड क्रमांक 01 सुखु साहू के घर से बल्लु पी डबलु डी के घर तक तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य 7.73 लाख रूपये, वार्ड क्रमांक 01 सुखु साहू के घर से बस्तु पी डबलु डी के घर तक तक कवर प्लेट नाली निर्माण कार्य 6.04लाख रूपये , वार्ड क्रमांक 01 इतवारी साहू घर से परदेशी साहू के घर तक कवर प्लेट नाली निर्माण कार्य लागत राशि 6.96 लाख रूपये,कार्य वार्ड क्रमांक 10आंगनबाडी केन्द्र क्रमांक 04 से भोजराम शिवमंदिर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य 3.40लाख रूपये,वार्ड क्रमांक 10 आंगनबाड़ी केंद्र क्र 04 से भोजराजनाग शिव मंदिर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य लागत राशि 2.65 लाख रूपये,वार्ड क्र. 5 मोहन साहू के घर से आंगनबाड़ी भवन तक कवरप्लेट नाली निर्माण लागत राशि 2.65 लाख रूपये, वार्ड क्रमांक 05 मोहन साहू के घर से आंगनबाडी भवन तक सीसी रोड निर्माण कार्य लागत राशि 3.65 लाख रूपये,वार्ड क्रमांक 05 मोहन साहू के घर से आंगनबाडी भवन तक कवर प्लेट नाली निर्माण कार्य 2.85 लाख रूपये,वार्ड क्रमांक 15 शनिदेव मंदिर रोड से हेमलाल साहू घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य 4.25लाख रूपये,वार्ड क्रमांक 15 शनिदेव मंदिर रोड से हेमलाल साहू घर तक कदर प्लेट नाली निर्माण कार्य 3.32 लाख रूपये,वार्ड क्रमांक 01 लियाकत साहू के घर से दिलेन्द साहू के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य 4.67. लाख रूपये की निर्माण कार्यों की भूमि पूजन किया।

कार्यक्रम मे राधेश्याम देवांगन कार्यक्रम मे राधेश्याम देवांगन उपाध्यक्ष, पार्षद समीर साहू ,जगमोहन गेंडरे,श्रवण साहू रमशिला साहू , हीरा दिनेश साहू ,देवकुमार साहू ,टाकेश्वर प्रसाद साहू , मंजू दीपक यादव ,स्वतंत्र कुमार साहू ,दीपक साहू ,नंदकिशोर साहू, राजकुमारी साहू ,नागेन्द्र साहू , यामिनी साहू , नगर पंचायत के सीएमओ श्रवण गबने सहित अधिकारी कर्मचारी नगर वासी उपस्थित रहे 1

### मवेशी भरा पिकअप...

जंगल जिला कबीरधाम हैं।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11, छत्तीसगढ़ पशु परिवहन अधिनियम 1978 की धाराओं 46, 47ए, 47, 48, 49, 50, 54(1)(2)(3), 55ए एवं मोटर वाहन अधिनियम 192 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रेशम लाल भास्कर, आरक्षक रमेश चंद्रवंशी, छोटु राम तेंबुलकर, गजानंद पटेल, प्रदीप ठाकुर, पुरुषोत्तम पटेल और अन्य पुलिसकर्मियों के साथ-साथ गौ सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### घरेलू विवाद में...

हमेशा नजर के सामने रखता था। इस घटना की फॉरेंसिक एवं पीएम रिपोर्ट अभी तक पुलिस को प्राप्त नहीं हुई है। पीएम रिपोर्ट के संबंध में बीएमओ साजा अश्वनी वर्मा से बात करने पर पीएम करने वाले डॉक्टर आशीष मारकंडे को फोन किया गया फोन रिसीव नहीं करने की स्थिति में पीएम रिपोर्ट के संबंध में टेलिफोनिक चर्चा नहीं हो पाई जिससे समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई। देवकर पुलिस मर्ग कायम कर इस घटना की तफ़्तीश में जुटी हुई है।

### सरकारी कर्मचारी ने...

करेगी। इसमें लोकनाथ बांधे (विकासखंड शिक्षा अधिकारी, नवागढ़), एस.एस. ठाकुर (प्राचार्य, स्वामी आत्मानंद विद्यालय, कुसमी), एवं गजानंद सिंह ठाकुर (सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बेमेतरा) सदस्य होंगे।

दूसरी समिति बेमेतरा एवं नवागढ़ विकासखंड की जांच करेगी, जिसमें जयप्रकाश करमाकर (विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बेरला), एस.पी. कोशले (प्राचार्य, अछोली) एवं कामिनी महिलांग (सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी) को शामिल किया गया है।

**नोडल अधिकारियों को नोटिस, 19 को तलब-** इस प्रकरण में लापरवाही के आरोप में दो नोडल अधिकारियों — सुरेश कुमार तिवारी और कविता बाजपेयी को नोटिस जारी किया गया है। उन्हें 19 मई 2025 को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, बेमेतरा में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उनसे दस्तावेजों के परीक्षण और सत्यापन प्रक्रिया में की गई त्रुटियों पर जवाब मांगा गया है।

**अब क्या कानूनी कार्रवाई होगी?-** कर्मचारी को तत्काल निलंबित किया गया है। विभागीय जांच में आरोप सिद्ध होने पर बर्खास्तगी तक की कार्रवाई हो सकती है।

**आपराधिक प्रकरण दर्ज होना-** फर्जी दस्तावेज बनवाकर शासकीय योजना का लाभ उठाना भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 420 (धोखाधड़ी), 468 (जालसाजी), और 471 (जाली दस्तावेजों का प्रयोग) के अंतर्गत अपराध की श्रेणी में आता है। प्रशासन यदि चाहे तो एफआईआर दर्ज कर न्यायिक कार्रवाई प्रारंभ कर सकता है।

**योजना से प्राप्त लाभ की वसूली-** आरटीई के तहत मिली सरकारी सहायता एवं स्कूल फीस की राशि की वसूली दोषी से की जा सकती है, साथ ही भविष्य में ऐसे लाभ प्राप्त करने से भी वंचित किया जा सकता है।

**आरटीई कानून की मूल भावना पर चोट-** शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि समाज के वंचित एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को निजी विद्यालयों में समान अवसर मिल सके। जब कोई सक्षम व्यक्ति या सरकारी सेवक इस योजना का गलत लाभ उठाता है, तो वह न केवल कानून का उल्लंघन करता है, बल्कि सैकड़ों योग्य बच्चों का हक भी छीनता है।

**प्रशासन की सख्ती से मचा हड़कंप-** जिला प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से शिक्षा विभाग में हलचल है। इससे स्पष्ट संदेश गया है कि कानून से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। न केवल दोषी को निलंबित किया गया, बल्कि पूरे जिले में दस्तावेजों की पुनः जांच शुरू कर दी गई है।

**समस्या:** आए दिन लगने वाले जाम से वाहन चालक व यात्री हलाकान

# बढ़ते यातायात के दबाव के कारण बौना साबित होने लगा चिल्फी नेशनल हाईवे-30

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चिल्फीघाटी

जिले से गुजरने वाला नेशनल हाईवे 30 रायपुर-जबलपुर लगातार बढ़ते यातायात के दबाव के चलते अब बौना साबित होते जा रहा है। आलम ये है कि यातायात के लिहाज से बेहद उपयोगी और संवेदनशील इस चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाले नेशनल हाईवे में बढ़ते यातायात के बीच आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।

जिसका सीधा खामियाजा आम यात्रियों के साफ क्षेत्र के लोगों और वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस मार्ग में गुरूवार को भी चिल्फी घाटी क्षेत्र में एक ट्रेलर वाहन के खराब हो जाने के कारण जाम की स्थिति निर्मित हो गई। जिसके चलते इस भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसे चिल्फी पुलिस की मुस्तैदी ही कहें की उसने जाम लगने की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर जल्द ही जाम को खुलवा दिया। लेकिन यहां बताना लाजिमी होगा कि पुलिस की मुस्तैदी और सक्रियता के बाद भी ऐसा हर बार संभव नहीं हो पाता।

विशेषकर जब रात के समय चिल्फी थाना क्षेत्रांतर्गत घाटी में जाम की स्थिति निर्मित होती है तो यात्रियों और वाहन चालकों के साथ पुलिस प्रशासन के भी पसीने छूट जाते हैं। कई-कई बार तो यहां ऐसा भी देखने को मिलता है कि मार्ग में कई-कई किलो मीटर का लंबा जाम लगा होता है और वाहनो की लम्बी कतारें दोनो और लगी रहती हैं। ऐसे हालातों में घंटों की मसक्कत के बाद भी पुलिस वहां तक नहीं पहुंच पाती जहां जाम का कारण मौजूद होता है। लम्बे समय से चिल्फीघाटी में लगने वाले जाम की समस्या से जूझ रहे स्थानीय और दूसरे लोगों का कहना है कि वास्तव में अब चिल्फी थाना क्षेत्र से गुजरने वाला नेशनल हाईवे 30 लगातार बढ़ते यातायात के दबाव के चलते बौना साबित होने लगा है। खासकर जबसे इस मार्ग के दोनो और नालियों का निर्माण कराया गया है मार्ग और भी सकरा हो गया है। लोगों का मानना है कि समय के साथ-साथ आज के दौर में आवागमन और ट्रांसपोर्टिंग के लिए जिस तरह के बड़े और आधुनिक वाहनो का उपयोग किया जा रहा है उस लिहाज से चिल्फीघाटी का मार्ग उपयुक्त नहीं है।

इस घाटी से गुजरने वाले मार्ग में दर्जनो मोड़ हैं और उसमें कई मोड़ तो ऐसे हैं जिनमें लम्बी कदकाठी के वाहनो को मोड़ना अच्छे-अच्छे बाजमार चालकों के बस की भी नहीं होती। ऐसे लम्बे-चौड़े वाहनो के ही नौसिखिया वाहन चालकों की लापरवाही और गलतियों की वजह से चिल्फीघाटी में आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।



### वैकल्पिक व्यवस्था पर हो विचार

लोगों ने अब शासन से लगातार गंभीर होते जा रही है समस्या पर विचार कर कोई वैकल्पिक व्यवस्था कराए जाने की मांग की है। क्योंकि लोगों का मानना है कि समय के साथ यह स्मस्या और भी ज्यादा गंभीर होते चले जाएगी। ऐसे में समय रहते इस समस्या के समाधान के विचार और जरूरी हो चुके है।

### कई-कई घंटे फंसे रहते हैं यात्री व वाहन

लोगों ने बताया कि चिल्फीघाटी से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में आए दिन लगने वाला जाम कई बार इतना लम्बा होता है कि वाहनो को निकलने में कई-कई घंटे लग जाते हैं। कई बार तो यात्रियों को एक ही स्थान पर पूरी रात गुजारनी पड़ जाती है। ऐसे हालातों में यात्रियों का घाटी के बीच जंगल में क्या हाल होता होगा इसका अंदाजा वही लगा सकता है जिसने इस तरह की विषम परिस्थिति का सामना किया हो। लेकिन आज हालात ऐसे हो चुके हैं कि इस तरह की परेशानी और समस्या उस हर यात्री को भुगतनी पड़ रही है जो चिल्फीघाटी होते हुए यात्रा पर निकला है। उसे पता नहीं होता कि वह कब अपने मुकाम पर पहुंचेगा।

# जिला मिशन समन्वयक पर वसूली का आरोप साबित फिर भी कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सुशासन त्यौहार 2025 के दौरान शिक्षकों से वसूली के मामले में जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र वर्मा पर कार्रवाई तो हुई, लेकिन सिर्फ पदमुक्त कर मूल विद्यालय में भेज देना, कई लोगों को न्याय अधूरा लग रहा है। आरोप सिद्ध होने के बावजूद वर्मा को निलंबित नहीं किया गया, जिससे प्रशासन की मंशा पर सवाल उठने लगे हैं। शिक्षक संघों का कहना है कि जब जांच में दोष प्रमाणित हो चुका है, तो फिर निलंबन जैसी कार्रवाई क्यों नहीं की गई? केवल पद से हटाना, संदेश देता है कि अधिकारी चाहे तो शिक्षकों पर दबाव बनाकर कुछ भी कर सकता है और उसे सिर्फ स्थानांतरण भर झेलना होगा।

- प्रशासन की नरमी पर उठे सवाल, केवल पद से हटाकर मूल विद्यालय भेजा

**क्या कहता है नियम?-** छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियमों के तहत यदि कोई अधिकारी प्रथम दृष्टया दोषी पाया जाता है, और मामला नैतिकता, कदाचार या आर्थिक अनियमितता से जुड़ा हो, तो निलंबन एक स्वाभाविक प्राथमिक अनुशासनात्मक कार्रवाई मानी जाती है। परंतु इस मामले में प्रशासन ने अपेक्षाकृत मुलायम रुख अपनाया।

**प्रशासन की सफाई या चुप्पी?-** प्रशासन की ओर से इस पर कोई स्पष्ट बयान नहीं आया है कि क्यों निलंबन न करके सिर्फ मूल पदस्थापना की गई। कुछ सूत्रों का मानना है कि मामला नीतिगत प्रक्रिया के बजाय केवल 'आचरण संबंधी' माना गया, इसलिए निलंबन नहीं हुआ। हालांकि, यह तर्क शिक्षकों और आम नागरिकों को अस्वीकार्य लग रहा है।

**राजनीतिक हलकों में भी चर्चा-** इस मुद्दे पर अब स्थानीय जनप्रतिनिधि भी प्रतिक्रिया देने लगे हैं। कुछ जनपद सदस्यों ने मांग की है कि मामले की विस्तृत जांच हो और यदि आर्थिक वसूली हुई है तो आपराधिक प्रकरण भी दर्ज किया जाए।

**आगे और खुलासे संभव-** सूत्रों का मानना है कि आने वाले दिनों में और नाम सामने आ सकते हैं। वसूली में संलिप्त कर्मचारियों और अधिकारियों की सूची तैयार की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सुशासन त्यौहार के नाम पर किसी प्रकार की अनियमितता, भ्रष्टाचार या दबाव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**कवर्धा।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर स्थानीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कवर्धा में एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष की थीम जांच करें, साफ करें, ढके डेंगू को हराने के उपाय है, जिसका उद्देश्य समुदाय में डेंगू की रोकथाम और उससे बचाव के प्रति व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में वाद-विवाद प्रतियोगिता और मॉडल निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय है क्या डेंगू की रोकथाम में जनजागरूकता सरकारी प्रयासों से अधिक प्रभावशाली है इस प्रतियोगिता में 16 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति भाग ले सकते हैं। वहीं, मॉडल निर्माण प्रतियोगिता में प्रतिभागी डेंगू मच्छर के जीवन चक्र, फैलाव के स्त्रोत, और रोकथाम के उपायों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत करेंगे। मॉडल प्रतियोगिता में 10 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति भाग ले सकते हैं।

### जिलावार बूस्टरप कार्यक्रम 19 मई को

**कवर्धा।** आईआईएफटी कोलकाता द्वारा कबीरधाम जिले में 19 मई 2025 सोमवार को एक दिवसीय निर्यात जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यशाला पर जिलावार बूस्टरप कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से लेकर शाम 05.45 बजे तक रायपुर रोड, कवर्धा स्थित हॉटल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य हस्तशिल्प, वस्त्र, अन्य विनिर्माण, कृषि उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण आदि क्षेत्रों में रुचि रखने वाले तकनीकी साक्षर संभावित उद्यमियों को निर्यात के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना है। इसमें उत्पादों एवं निर्यात संभावनाओं, निर्यात प्रक्रिया, विदेशी बाजारों की पहचान, निर्यात दस्तावेजीकरण की प्रक्रियाओं और उनके नियामकों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। आईआईएफटी कोलकाता के विशेषज्ञों की टीम निर्यात से जुड़ी समस्याओं और विभिन्न मुद्दों का समाधान पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण करेगी।

### गर्मी से लोगों को बचाने लायंस क्लब ने बांटा मठा

**कवर्धा।** ग्रीष्म ऋतु के प्रकोप और बढ़ते तापमान के मद्देनजर आज 15 मई गुरूवार की सुबह लायंस क्लब ने दानी मेडिकल स्टोर नवीन बाजार के सामने स्वास्थ्यवर्धक ठंडा मठा और पक्षियों को जल पिलाने सकोरा का वितरण किया। इस कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पार्षद दुर्गेश अवस्थी और भाजपा युवा नेता श्रीकांत उपाध्याय भी शामिल हुए और उन्होंने अपने हाथों से मठा वितरण किया।

# सुशासन तिहार मात्र दिखावा व सरकारी मशीनरी का हो रहा दुरुपयोग : छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मनाया जा रहे सुशासन तिहार पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि सुशासन तिहार सिर्फ एक सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग तथा दिखावा बनकर रह गया है सुशासन तिहार के नाम पर जहां अवैध वसूली हो रही है वहीं नतीजा शून्य हैं शासन द्वारा अब तक यह नहीं बताया गया है कि सुशासन पर्व के दौरान कितने आवेदन प्राप्त हुए तथा किन-किन विभागों से संबंधित आवेदन थे उन आवेदनों में कितने आवेदन मांग से संबंधित थे तथा कितने आवेदन शिकायत से संबंधित थे अगर आवेदन मांग से संबंधित थे तो उन्मे से कितनी मांगों को शासन ने पूरा किया और अगर शिकायत से संबंधित आवेदन थे तो उन शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई सिर्फ एक सुशासन तिहार के नाम पर शिविर लगाकर सरकारी मशनरी का दुरुपयोग किया जा रहा है तथा अधिकारी कर्मचारी उक्त शिविर में लू चलती हुई धूप और गर्मी से परेशान है वहीं भाजपा के कार्यकर्ता सुशासन तिहार के नाम पर मौज मस्ती कर रहे हैं जनता की समस्याएं यथावत बनी हुई है भाजपा के कार्यकर्ता उक्त शिविर में धौस जमाने का काम कर रहे हैं सुशासन तिहार के नाम पर बेमेतरा जिले में नगरी क्षेत्र में कितने आवेदन प्राप्त हुए शासन को नगरवार जानकारी देनी चाहिए इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद वार तथा ग्राम पंचायत वार इसकी जानकारी आम जनता को दी जानी चाहिए थी मात्र समाधान शिविर के नाम पर लुट खसोट मची हुई है तथा शासकीय पैसों का दुरुपयोग किया जा रहा है शिविर के नाम पर भाजपा केवल अपने पुराने पाप को धोने में लगी हुई है आम जनता को बदलने फुसलाना का काम सुशासन समाधान शिविर के माध्यम से किया जा रहा है आज बेमेतरा जिले कीकी जनता भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा किए जा रहे रेत चोरी के कारण पानी की समस्या से बेहाल है विगत दो माह में शासन आम जनता को पेयजल भी उपलब्ध नहीं कर पा रहा है सड़के बदहाल हो रही हैं शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर बेमेतरा जिला वापस धरातल में जा चुका है ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली नहीं मिल पा रही है घंटो घंटो पावर कट की समस्या बनी हुई है अति आवश्यक सेवाओं का समाधान ना करके प्रशासन सुशासन तिहार बनाने में लगा हुआ है यही कारण है कि बेमेतरा जिले में कई जगहों पर सुशासन तिहार के समाधान शिविर में आम जनता की सहभागिता लगभग नहीं के बराबर है भाजपा वाले जरूर जनता के ऐसे काम जो स्वाभाविक रूप से कार्यालय में किए जाते हैं जैसे राशन कार्ड नरेगा जॉब कार्ड जैसे आसानी से हो जाने वाले कार्यों को समाधान शिविर के माध्यम से हल करके वह वाही लूटी जा रही है जबकि जनता के द्वारा मांग पत्र के माध्यम से की गई मांगों पर कहीं कोई विचार नहीं किया गया है और ना ही उसका समाधान किया गया है ठीक इसी तरह शिकायतें भी जस की तस बनी हुई है सुशासन तिहार के माध्यम से मांगे गए आवेदनों पर शासन की ओर से अथवा भाजपा सरकार की ओर से कहीं कोई कार्यवाही नहीं की गई है कुल मिलाकर अगर देखा जाए तो सुशासन तिहार के नाम पर भाजपा के लोग सरकारी पैसों पर मौज मस्ती और पार्टी मना रहे हैं वही अधिकारी भी सुशासन तिहार के नाम से अपने कार्यालय से गायब है जनता के काम ना तो समाधान शिविर में हो रहे हैं और ना ही कार्यालय में कुल मिलाकर देखा जाए तो छत्तीसगढ़ शासन का या सुशासन तिहार सिर्फ एक ढकोसला बनकर रह गया है ।

# स्टैंड की मांग, एकता रिक्शा चालक संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एकता ई-रिक्शा चालक कल्याण संघ, बेमेतरा द्वारा शुक्रवार स्थानीय विधायक दीपेश साहू को उनके निवास कार्यलय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें नगर के बाजार चौक क्षेत्र में स्थायी ई-रिक्शा स्टैंड स्थापित करने की मांग की गई है।

संघ के अध्यक्ष रामचंद बारले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि वर्तमान में संघ के पास कुल 140 ई-रिक्शा पंजीकृत हैं, जिनमें 20 महिला एवं 120 पुरुष चालक शामिल हैं। पूर्व में यह सभी चालक विगत 8 वर्षों से थाना परिसर के बाहर से संचालन कर रहे थे, लेकिन 15 अप्रैल 2025 से उन्हें वहां से हटा दिया गया। इससे इन चालकों की आजीविका पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

विधायक ने इस संदर्भ में ई-रिक्शा चालकों की चिंता को जायज़ बताया और कहा रिक्शा चालक हमारे शहर की परिवहन रीढ़ हैं। उनकी आजीविका पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी। मैं स्वयं इस मामले को लेकर संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा करूंगा और एक समुचित तथा सुरक्षित स्थान पर स्थायी ई-रिक्शा स्टैंड की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई जाएगी।" इस अवसर पर समाज सेवी ताराचंद महेशवरी, अध्यक्ष रामचंद बारले, उपाध्यक्ष निर्मला वर्मा, सचिव फारूख, कोषाध्यक्ष शेष नारायण एवं सलाहकार जावेद कुरैशी सहित सैकड़ो की संख्या मे संघ सदस्यगण उपस्थित रहे।



बेमेतरा न्यूज फोटो नंबर 7

# मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे है ग्राम गभोड़ा के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंडरिया

जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरहुलडीह के आश्रित ग्राम गभोड़ा के ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर गांव में सड़क, पानी, बिजली एवं अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत बिरहुलडीह के आश्रित ग्राम गभोड़ा में आज तक सड़क/रोड निर्माण नही हुआ है जिसके आभाव में ग्रामवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उन्होने बताया कि वर्षाकाल में ग्रामवासी स्कूली बच्चो को आने जाने में परेशानी होती है तथा किसी व्यक्ति स्वास्थ्य खराब होता है तो 3 किलो मीटर पैदल व मरीज को खाट मे उठा कर ले जाना पड़ता है। इसी प्रकार गांव में आज तक बिजली सुविधा नही है जिससे ग्रामवासी मूलभूत सुविधा से आज भी वचिंत हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव मे प्राथमिक स्कूल तो है लेकिन शिक्षक गांव में तीन-चार माह में एक बार ही आता है। गांव में पेयजल की भी गंभीर समस्या व्याप्त है।

# अज्ञात आरोपियों ने पर्यटकों की चार मोटर सायकलों में लगाई आग




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

कबीरधाम जिले में दिन-ब-दिन बढ़ती आपराधिक गतिविधियों और उस पर खस्ताहाल कानून व्यवस्था के चलते अपराधियों व असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद नजर आ रहे है। ऐसे ही हौसले बुलंद असामाजिक तत्वों ने गुरूवार को जिले के पर्यटन स्थल छीरपानी डेम घूमने सपरिवार आए पर्यटकों की चार मोटर सायकलों में आग लगाकर नष्ट कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला तो दर्ज कर लिया है लेकिन अभी तक अपराधी पुलिस पकड़ से बाहर बताए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को बोड़ला थाना अंतर्गत छीरपानी डेम में परिवार के साथ घुमने आए पर्यटकों के चार बाइक को अज्ञात बदमाशों ने आग के हवाले कर मौके से फरार हो गए। डेम घुमने के बाद जब पर्यटक वापस अपनी वाहन के पास पहुंचे तो उनके होश उड़ गए।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जागरूकता रथ को डा. बसोड़ ने किया रवाना


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले में शुक्रवार राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इसका थीम देखे, साफ करें, ढकें, डेंगू को हराने का उपाय करें । जिसका आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, एवं समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में किया गया। इसका उद्देश्य डेंगू जैसे जानलेवा बीमारी के रोकथाम व बचाव के संबंध में जनजागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशंवत कुमार ध्रुव व जिला नोडल अधिकारी सह-जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। डेंगू बीमारी संक्रमित मादा एडिस मच्छर के काटने से फैलता है। डेंगू का मच्छर साफ व स्थिर पानी में पनपता है. डेंगू बीमारी के प्रमुख लक्षण अचानक तेज बुखार, तेज सिर दर्द, मांस पेशी व जोडों में दर्द, जी मचलाना, उल्टी, आंतरिक रक्त स्त्राय, आँखो के पीछे दर्द, नाक व मसूढे में खून आना इत्यादि है, इन लक्षणों से पीड़ित मरीजों का तत्काल जांच कर समुचित ईलाज दिया जाना चाहिये, जो कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो एवं जिला चिकित्सालय में निःशुल्क उपलब्ध है। साथ ही मच्छर एवं लार्वा स्त्रोत नियंत्रण गतिविधि के अंतर्गत जमे हुए पानी में मिट्टी का तेल एवं जला हुआ मोबिल ऑयल डालें, घर के आसपास के गडढ्रो में पानी एकत्रित न होने दे, कूलर की नियमित सफाई करें, टायर व पुराने बर्तन में जमा पानी को फेंक दें, सामान्य मच्छरदानी को कीटनाशक से उपचारित कर उपयोग में लाएं। डेंगू के उपचार के लिए कोई खास दवा या वैक्सीन नहीं है। बुखार उतारने के लिए पैरासीटामोल ले सकते हैं। एस्त्रीन या इबुब्रेफेन का इस्तेमाल अपने आप ना करें। डॉक्टर की सलाह लें। डेंगू के हर रोगी को प्लेटलेट्स की आवश्यकता नहीं पड़ती।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशंवत कुमार ध्रुव ,सह-जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री लता बंजारे, व्ही.बी.डी. पर्यवेक्षक गुलाबचंद साहू एवं समस्त अधिकारी/कर्मचारी उमेस्थित हुए। साथ ही जिला चिकित्सालय बेमेतरा में सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू ने डेंगू से बचाव पर जानकारी देते हुए त्वरित उपचार हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाने की सलाह दी और जागरूकता हेतु आई ई सी पम्पलेट वितरण किया गया ।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेनसे - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
03 जून, 22 जुलाई, 12 अगस्त, 09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

पाठक सूचना
देवकर एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
संवाददाता : अतुल गुप्ता देवकर
गुप्ता न्यूज एजेंसी
पता : गुप्ता आरामिल, बस स्टैण्ड, देवकर
मो. 9993220300